सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 12 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों कुश मिश्रा और निशा यादव ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा तथा अनुशासन के साथ अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज की सेवा करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का समर्पण और परिश्रम समाज के विकास और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

............0............